हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–204 : जौनपुर, सोमवार 17 अप्रैल 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## तीन दिवसीय जी–20 सम्मेलन शुरू : कृषि विकास पर मंथन कर रहे दुनिया भर के वैज्ञानिक

वाराणसी ब्यूरो : भारत समेत दुनिया के 20 विकासशील देशों में वैश्विक कृषि के विकास का नया रोडमैप वाराणसी में तैयार होगा। आज से 19 अप्रैल तक चलने वाले जी–20 सम्मेलन में कृषि, कृषि शिक्षा, अनुसंधान आदि मुद्दों पर सभी देशों के कृषि वैज्ञानिक मंथन करेंगे। नदेसर स्थित तारांकित होटल में सुबह नौ बजे केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री वीके सिंह ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि काशी से दुनिया भर में एक अभियान शुरू किया जा रहा है। मां अन्नपूर्णा की नगरी काशी से विश्व को उनके खान–पान से स्वस्थ रखने का संदेश दिया जाएगा। भारत सरकार वाराणसी से पोषण, खाद्य सुरक्षा, जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ाने का प्रस्ताव दुनिया के सामने रख रही है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक व सचिव संजय ने बताया कि सम्मेलन में विश्व स्वास्थ्य संगठन व वैश्विक व्यापार संगठन सहित कृषि के क्षेत्र में काम करने वाली कई संस्थाओं के प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं। एक पृथ्वी, एक परिवार व एक भविष्य की नींव रखेगा जी–20 सम्मेलन जी–20 के सिलसिले में काशी आए आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. हिमांशु ने बताया कि सम्मेलन का विषय वसुधैव कुटुंबकम है। इसके जरिये एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य का संदेश दिया जाएगा। जी–20 के सम्मेलन देश के 60 शहरों में होने हैं। 200 बैठकें होंगी। 100वां सम्मेलन काशी में होना गौरव की बात है। इसमें कृषि के क्षेत्र में विकास से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा होगी। अब तक हुए सम्मेलनों में 110 अलग–अलग देशों से 12,300 से अधिक प्रतिभागी शामिल हो चुके हैं। पूरे विश्व की 85 फीसदी जीडीपी और 75 फीसदी व्यापार जी 20 देशों में होता है। काशी की धरोहरों को जानेंगे, गंगा आरती भी देखेंगे डॉ. हिमांशु पाठक ने बताया कि सम्मेलन में आने वाले मेहमान अलग–अलग सत्रों में चर्चा के दौरान काशी की



धरोहरों को भी जानेंगे। पहले दिन गंगा आरती देखेंगे। मेहमान नमो घाट से क्रूज पर सवार होंगे और सिंधिया घाट होते हुए दशाश्वमेध घाट पहुंचेंगे। घाट और क्रूज पर लोकनृत्य कहरवा, बमरसिया की प्रस्तुति होगी। 18 अप्रैल को उन्हें सारनाथ ले जाया जाएगा। यहां उन्हें धमेख स्तूप सहित अन्य ऐतिहासिक धरोहरों से रूबरू कराया जाएगा। सब म्यूजियम व लाइट एंड साउंड शो देखेंगे, फिर बुद्धा थीम पार्क में सांस्कृतिक संध्या का आनंद लेंगे। काशी से रखा जाएगा महर्षि का प्रस्ताव आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने बताया कि काशी से ही महर्षि यानी मिलेट्स एवं आदर्श एनसिएंट ग्रेन इंटरनेशनल रिसर्च इनिसिएटिव का प्रस्ताव रखा जाएगा। तीन दिवसीय सम्मेलन में मोटे अनाज को आधार बनाकर महर्षि प्रस्ताव पर सभी देशों के कृषि वैज्ञानिक चर्चा करेंगे। फूड सिक्योरिटी, डिजिटल एग्रीक्लचर, पीपीपी मॉडल पर भी मंथन किया जाएगा। संभावना है कि जी 20 के देश इसे अपनाने के लिए आगे आएंगे। सैद्धांतिक रूप से अगर सहमति बनी तो इसे आगे बढ़ाया जाएगा।

## बीजेपी सपा बसपा व आप पार्टी के उम्मीदवारों द्वारा अध्यक्ष पद के लिए किया गया नामांकन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 11 अप्रैल से शुरू हुए नामांकन 17 अप्रैल को समाप्त हो गया।आज अंतिम दिन सभी पार्टियों ने नामांकन किया।वही बीजेपी से पहली बार बीजेपी ने नगर पालिका परिषद से मनोरम मौर्य को चुनाव मैदान में उतारा गया है। समाजवादी पार्टी से उषा जायसवाल पहली बार चुनाव मैदान में उतरी है।व बसपा से दो दशक से अधिक समय से चेयरमैन रही माया टंडन ने फिर ताल ठोक दिया है।सभी पार्टियां दो दसक से काबिज बसपा प्रत्याशी का किला ढहाने में कौन सफल होगा ये आने वाला समय ही बता पायेगा जिले में सभी राजनीतिक दलों में हलचल पैदा हो गयी। बीजेपी ने नगर पालिका परिषद के लिए 3 प्रत्याशियों का नाम घोषित किया जिसमे सदर से मनोरमा मौर्य शाहगंज से गीत जयसवाल मुंगरा बादशाहपुर से कपिल गुप्ता को घोषित किया है। बसपा पार्टी ने शाहगंज से सुमन गुप्ता एक बार फिर चेयरमैन बनाने की दौड़ में शामिल है। विदित हो कि 1995 से 2000 तक जय प्रकाश गुप्ता बीजेपी से पुनः 2000 से 2005 तक बीजेपी से सुमन गुप्ता चेयरमैन रही है।सदर सीट से माया टंडन परिवार का बीते 22 वर्षो से नगर पालिका परिषद में कब्जा रहा है। मुंगराबादशाहपुर जफर अहमद मसूरी पहली बार चुनाव लड़ रहे है। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 4 लाख 38 हजार है।

जौनपुर बीजेपी ने नगर पंचायत के लिये

1 – मछली शहर नितेश जयसवाल 2– जाफराबाद से पूनम श्रीवास्तव 3– गौराबादशाहपुर से सीतामढ़ी 4– रामपुर से छेदी लाल जयसवाल 5– मड़ियाहूं से सोनी जायसवाल 6– केराकत से गीता गुप्ता 7– कचगांव से राजीव कुमार सिंह8– खेतासराय से रूपेश गुप्ता 9– बदलापुर से सीमा सिंह सपा पार्टी ने नगर पालिका परिषद के 3 प्रत्याशियों का सूची जारी किया है।जिसमे 1– उषा जायसवाल शहर 2– उमाशंकर चौरसिया मुंगरा बादशाहपुर 3– रचना सिंह शाहगंज

नगर पंचायत की सूची सपा

1–उम्मे राहिला जफराबाद 2– सुशीला देवी – गौराबादशाहपुर 3–




मीना साहू केराकत 4– निजामुद्दीन कजगांव 5– मोहम्मद आलम मछलीशहर 6– विमला देवी बदलापुर 7–वसीम अहमद खेतासराय 8– फरहद जहाँ मड़ियाहूं 9– प्रभात कुमार तिवारी रामपुर

बसपा से नगर पंचायत

गौराबादशाहपुर नगर पंचायत –रानी बदलापुर–मुक्ताजायसवाल खेतासराय –इरफान जफराबाद– प्रमोद बरनवाल कजगाव –संतोष मिश्रा रामपुर –मुरशिद हसन मड़ियाहू –नही केराकत–नहीं मछलीशहर –संजय जयसवाल जौनपुर सदर कांग्रेस दरख्सा खातून अध्यक्ष पद के लिये तो फरजाना शाहगंज से अध्यक्ष पद के लिये उम्मीदवार है।वही नगर पंचायतो से 1 जुलेखा हासमी जफराबाद 2–विंध्यवासिनी सिंह कजगाव 3– राजेश गुप्ता मडियाहू 4 कमलेश यादव रामपुर।

## सामान्य निर्वाचन–2023 सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों की लगायी गयी ड्यूटी

जौनपुर सू.वि. : मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान/मतगणना कार्मिक ने अवगत कराया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गयी है जिसमें से कतिपय कार्मिको द्वारा अस्वस्थता/पारिवारिक परिस्थितियों के कारण ड्यूटी से मुक्त करने का प्रार्थना–पत्र प्रेषित किया जा सकता है, जिसमें से दिव्यांग अथवा अस्वस्थ कार्मिकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु कार्यालय पत्र दिनांक 15 अप्रैल 2023 द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी, जौनपुर को मेडिकल बोर्ड गठित करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के अतिरिक्त अन्य प्रार्थना पत्र का परीक्षण करने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, सहायक जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी जौनपुर की कमेटी गठित की जाती है तथा उन्हे आदेशित किया जाता है कि संयुक्त परीक्षण कर मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान/मतगणना कार्मिक से अनुमोदित कराने के उपरान्त अग्रेत्तर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

## समाजवादी पार्टी के बार–बार बदलते हुए उम्मीदवारों के कारण कार्यकर्ताओं में रोष

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर निकाय चुनाव के लिए काफी माथापच्ची के बाद समाजवादी पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा रविवार दोपहर से लेकर शाम तक करते रहे ।रविवार की शाम समाजवादी पार्टी ने अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों की सूची जारी किया तो लोग परेशान हो गए । जारी सूची में दोपहर तक जिन प्रत्याशियों के नाम थे शाम की सूची में प्रत्याशियों के नाम गायब और नए नामों की घोषणा कर दी गई जिस कारण प्रत्याशी व उनके समर्थको रोष बढ़ता जा रहा है। नगर निकाय चुनाव के नामाकंन पत्र दाखिल के लिए 17 अप्रैल को आखिरी तारीख है। एक दिन पूर्व सपा ने तीन नगर पालिका परिषद और नौ नगर पंचायत के चेयर मैन के प्रत्याशियों की लिस्ट जारी किया है। सबसे पहले पार्टी हाई कमान ने जौनपुर नगर पालिका परिषद के लिए मालती मौर्या के नाम पर मुहर लगाई थी लेकिन भाजपा की सूची जारी होते ही सपा ने मालती मौर्य के स्थान पर उषा जायसवाल को टिकट दे दिया। इसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों की सूची जारी हुई इस सूची में भी खेल हो गया मछलीशहर नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए महमूद को प्रत्याशी बनाया गया था लेकिन कुछ ही देर बाद दूसरी लिस्ट जारी हुआ जिसमें महमुद का नाम काटकर जियाउद्दीन को प्रत्याशी बना दिया गया। लेकिन सदस्यता संख्या व मोबाइल नम्बर में कोई परिवर्तन नही किया गया। इसी बीच केराकत का भी प्रत्याशी बदले जाने की घोषणा हो गयी। यहां पर पहले ज्योति जायसवाल को चेयर मैन का प्रत्याशी घोषित किया गया था लेकिन लिस्ट जारी होने के एक घंटे बाद ही उमीद्वार बदल दिया गया। यहां पर ज्योति जायसवाल के स्थान पर मीना साहू प्रत्याशी घोषित कर दिया गया। लगातार नामों में हो रहे परिवर्तन के कारण समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में काफी रोष देखा जा रहा है हालांकि लिस्ट जारी होने से पहले समाजवादी पार्टी की महिला शाखा की राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर चित्रलेखा सिंह ने भी पार्टी की इन्हीं नीतियों से नाराज होकर आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है चित्रलेखा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान खुलासा किया कि समाजवादी पार्टी सिर्फ अपना हित साधने का काम कर रही है उन्हें जनता की हित से कोई मतलब नहीं है सिर्फ समाजवादी समाजवाद दिखाने का काम करते हैं आम आदमी पार्टी का दामन थामते ही पार्टी ने उन्हें तुरंत नगर पालिका परिषद जौनपुर का उम्मीदवार भी घोषित कर दिया है ऐसे में समाजवादी पार्टी द्वारा लगातार प्रत्याशियों के फेरबदल और अपने तमाम कार्यकर्ताओं को नाराज करने के कारण चुनाव में उन्हें इसका अंजाम भी भुगतना पड़ सकता है। ऐसे में साइकिल पर सवार होकर किन–किन नगर पंचायतों और नगर पालिका परिषद हो के अध्यक्ष कुर्सी पर विराजमान हो पाएंगे यह आने वाला चुनाव ही तय कर पाएगा।

## निजीकरण से लगातार बढ़ेंगी बिजली की दरें : उपभोक्ता परिषद ने आयोग को भेजा तुलनात्मक आंकड़ा

लखनऊ ब्यूरो : बिजली के निजीकरण के प्रस्ताव पर विरोध जताते हुए राज्य उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग को तुलनात्मक आंकड़ा भेजा है। इसमें बताया है कि निजीकरण के बाद बिजली की दरों में लगातार बढोत्तरी होनी तय है। इससे उपभोक्ताओं पर मार पड़ेगी। परिषद ने निजीकरण के विरोध में याचिका लगाने की तैयारी भी कर ली है। आयोग को भेजे गए तुलनात्मक आंकड़े में परिषद ने बताया है कि विद्युत वितरण का समानांतर लाइसेंस प्राप्त होने के बाद प्रतिस्पर्धा ही नहीं बढ़ेगी बल्कि बिजली दरों को बढ़ाने का निरंतर प्रयास होगा। क्योंकि महाराष्ट्र में कई निजी घरानों को समानांतर बिजली वितरण का लाइसेंस प्राप्त है, जिसमें टाटा पावर, अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई एवं बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई लिमिटेड शामिल हैं। मुंबई में हाल ही में जारी टैरिफ में अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड ने घरेलू बिजली की न्यूनतम 100 यूनिट की दर 5.66 रुपये प्रति यूनिट एवं 500 यूनिट से अधिक पर 10.76 रुपया प्रति यूनिट तय किया है। टाटा पावर ने 100 यूनिट पर 4.73 रुपया प्रति यूनिट एवं 500 से अधिक यूनिट की दर 11.63 रुपया प्रति यूनिट तय किया है। अभी तक उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन की कंपनियां में 100 यूनिट तक 3.35 रुपया प्रति यूनिट से लेकर 6.50 रुपया प्रति यूनिट अधिकतम दर तय किया गया है। 500



यूनिट से अधिक पर 6.50 रुपया प्रति यूनिट दर तय की गई है। बिजली कंपनियों की ओर से दिए नए प्रस्ताव में राज्य सेक्टर के बिजली घरों की ओर से औसतन 4.52 रुपया प्रति यूनिट दर तय की गई है। केंद्रीय सेक्टर एनटीपीसी की औसत दर 4.64 रुपया प्रति यूनिट है। वर्ष 2023– 24 में जो 72872 करोड़ की बिजली खरीदी जाएगी, उसकी कुल औसत लागत 5.17 रुपया प्रति यूनिट प्रस्तावित है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा के अनुसार गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर के जिस क्षेत्र में समानांतर विद्युत वितरण का लाइसेंस निजी घराने को देने की बात है उस क्षेत्र के एक हिस्से पर पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम और दूसरे क्षेत्र में नोएडा पावर कंपनी का कब्जा है। इन दोनों जिलों से पश्चिमांचल को सर्वाधिक राजस्व प्राप्त होता है। वितरण हानियां सबसे कम हैं। ऐसे में यहां के निजीकरण का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।

## 11 अप्रैल का स्थगित धरना प्रदर्शन अब 18 मई 2023 को किया जायेगा आन्दोलन –इप्सेफ

इप्सेफ(इन्डियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाइज फेडरेशन आल इंडिया) के आह्वान पर 11 अप्रैल 2023 के स्थगित धरना प्रदर्शन के आन्दोलन को अब 18 मई 2023 को मोर्चा द्वारा सभी जनपदों में लम्बित समस्याओं के समाधान न किए जाने के विरोध स्वरुप किया जाएगा। प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी को मांगों का ज्ञापन भी प्रेषित किया जाएगा। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष वी पी मिश्र एवं महासचिव शशि कुमार मिश्र ने बताया कि 11 अप्रैल को स्थानीय निकाय चुनाव आचार संहिता एवं धारा 144 लगने के कारण धरना प्रदर्शन अब 18 मई को सभी जनपद मुख्यालयों पर होगा और प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी को दोबारा ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। श्री शशि कुमार मिश्र ने बताया कि 4 वर्ष से लंबित वेतन समिति की संस्तुतियों को लागू नहीं किया जा रहा है ,महंगाई भत्ते की किस्त का भुगतान नहीं किया गया है ,स्थानीय निकायों एवं अन्य विभागों में कैडर पुनर्गठन एवं अन्य मांगों का समाधान नहीं हुआ है जिससे सातवें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिल पा रहा है ।इसके अलावा रिक्त पदों पर भर्ती, पदोन्नतिया, सेवा नियमावली का संशोधन नहीं किया गया है ,आउटसोर्सिंग, संविदा कर्मियों की सेवा सुरक्षा के लिए स्थाई नींति नहीं बन पाई है ।आंगनवाड़ी, सहायिका एवं स्वास्थ्य विभागों में पैरामेडिकल कर्मचारियों की समस्याएं असुलझी पड़ी है ।मंत्रीगण , शासन के अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष अपने कर्मचारियों की समस्याओं पर बैठक नहीं कर रहे हैं ।शासन की स्थानांतरण नीति के विपरीत स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों /पदाधिकारियों के स्थानांतरण निरस्त नहीं हुए हैं। सरकार कर्मचारी संगठनों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है ।नगर प्रतिकर भत्ता (सीसीए) को बहाल नहीं किया गया है। श्री वी पी मिश्रा ने मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया है कि कर्मचारियों की पीड़ा को मिल बैठकर सुलझाएं वरना इन निकाय चुनाव में पीड़ित कर्मचारी समाज खास कर निकाय के कर्मचारीयों व उसके परिवार की अहम भूमिका रहेगी, प्रदेश के कर्मचारी परिवार से जानकारी करें तो पता चल जाएगा कि वह सरकार से खुश है या नाराज। उन्होंने खेद व्यक्त किया है कि ना तो वे स्वयं बैठक कर रहे हैं और न मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव /प्रमुख सचिव /सचिव एवं विभागाध्यक्ष। जब परिवार का मुखिया परिवार के सदस्य की पीड़ा को नहीं सुनते है तो परिवार में बिगाड़ व आक्रोश होता है ।इसलिए मुख्यमंत्री जी स्वयं विचार करें।

## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## भारतीय जनता पार्टी ने नगरपालिका उम्मीदवारों की सूची किया जारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों की सूची जारी की है। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हरदोई से सुखसागर मिश्र,सण्डीला से महेश कुमार सोनी,पिहानी से प्रदीप अवस्थी,साण्डी से बाबूराम राजपूत लोधी, मल्लावां से सुशीला देवी,बिलग्राम से अनिल कुमार राठौर, शाहाबाद से संजय मिश्र भाजपा के उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। फलस्वरूप हरदोई से नगरपालिका परिषद अध्यक्ष पद पर सुख सागर मिश्र मधुर बीजेपी,राम ज्ञान गुप्ता सपा,दीपांशू मिश्रा बसपा,गुलाब सिंह गांधी आप के उम्मीदवार घोषित किए गए हैं।

### बेसिक स्कूलों की जी ओ टैगिंग होगी –डॉ विनीता



हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बीएसए डॉ. विनीता ने बताया कि सभी विद्यालयों की जीओ टैगिंग होनी है। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि विद्यालय के शिक्षकों से समय सीमा के अंदर जीओ टैगिंग कराएं, ताकि विद्यालयों की ऑनलाइन स्थिति को देखा जा सके। जनपद में 3446 विद्यालयों में अब तक 2268 विद्यालयों की जीओ टैगिंग कराई जा चुकी है। शेष के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि जल्द से जल्द जीओ टैगिंग कराई जाए। इसकी प्रतिदिन जिला समन्वयक के माध्यम से निगरानी की जा रही है। 3446 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। इसमें पांच लाख विद्यार्थी पंजीकृत हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के लिए 19 हजार शिक्षक, सात हजार शिक्षा मित्र और दो हजार अनुदेशक तैनात हैं। शासन की ओर से शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थित टैबलेट से करने की कार्ययोजना चल रही है। जनपद के प्रत्येक विद्यालय को दो–दो टैबलेट दिए जाने हैं। टैबलेट को जीओ टैगिंग से जोड़ा जाना है। इसके लिए सभी विद्यालयों की जीओ टैगिंग कराई जा रही है।

## गन्ना सर्वेक्षण के समय खेत पर उपस्थित रहकर सर्वे में अपना योगदान दें गन्ना किसान

जौनपुर ब्यूरो : जिला गन्ना अधिकारी महेन्द्र कुमार द्वारा बताया गया कि पेराई सत्र 2023–24 के लिए गन्ना सर्वेक्षण कार्य 15 अप्रैल 2023 से प्रारम्भ हो गया है। उन्होंने बताया कि गन्ना उत्पादन के सही आंकलन के लिए बोये गये गन्ने के क्षेत्र का सही सर्वेक्षण एक अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं आधारभूत कार्य है, जिसे पूरी शुद्धता, तत्परता एवं पारदर्शिता तथा गन्ना कृषकों के सहयोग से किये जाने की आवश्यकता है। जिला गन्ना अधिकारी, जौनपुर ने बताया कि सर्वे कार्य के लिए गांवों में जाने वाली सर्वे



टीम की सूचना, सर्वे का दिनांक , सर्वेकर्ता का नाम आदि की सूचना किसानों को मोबाइल पर एस.एम.एस. के माध्यम से चीनी मिलों द्वारा प्रेषित किये जायेंगे जिससे किसान सर्वे के समय अपने खेतों पर उपस्थित रहकर सर्वे कार्य पूर्ण करा सकें। इस बार गन्ना सर्वेक्षण गाटा के अनुसार किया जायेगा इसलिए किसान अपने खेत पर उपस्थित रहकर अपने गाटा संख्या के अनुसार गन्ना सर्वे करा लें। यदि गाटा में गन्ना दर्ज नहीं हुआ तो पचियां बन नहीं पायेंगी और गन्ना सप्लाई नहीं हो पायेगा। सर्वे कार्य प्रातः जल्दी आरम्भ किया जाये जिससे दोपहर को पड़ने वाली भीषण गर्मी से बचा जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष गन्ना किसानों को उनके बोये गये क्षेत्रफल के सम्बन्ध में मदुनपतल.बंदमनच.पद वेबसाइट पर घाषणा–पत्र ऑनलाइन अपलोड करने की सुविधा प्रदान की गई है। घोषणा–पत्र में उल्लिखित सूचनाओं का शतप्रतिशत सत्यापन सर्वेक्षण के समय किया जायेगा जो किसान ऑनलाइन घोषणा–पत्र उपलब्ध नहीं करायेंगे उनका सट्टा पेराई सत्र 2023–24 में विभाग द्वारा कभी भी बन्द किया जा सकता है। सर्वे कार्य के दौरान प्रशिक्षण एवं अन्य कार्यक्रमों में कोविड–19 के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग एवं सेनेटाइजेशन आदि निर्देशों का पालन भी जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप किया जाना अनिवार्य है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

**इस जन्म का पैसा अगले जन्म में काम नहीं आता लेकिन पुण्य जन्मों–जन्म में काम आता है।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# समुद्र आकाश और मिट्टी की आवाज में स्मृतियां

पिछली सदी के महान गायक और नागरिक अधिकारों के योद्धा पॉल रॉबसन की 125वीं जयंती के मौके पर भारतीय जन नाट्य सघ (इप्टा) की इंदौर इकाई ने 12 अप्रैल 2023 को इंदौर स्कूल ऑफ सोशल वर्क के विद्यार्थियों के बीच पॉल रॉबसन पर केन्द्रित कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

पिछली सदी के महान गायक और नागरिक अधिकारों के योद्धा पॉल रॉबसन की 125वीं जयंती के मौके पर भारतीय जन नाट्य सघ (इप्टा) की इंदौर इकाई ने 12 अप्रैल 2023 को इंदौर स्कूल ऑफ सोशल वर्क के विद्यार्थियों के बीच पॉल रॉबसन पर केन्द्रित कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की शुरुआत में इप्टा का स्वागत किया संस्थान के उप–प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा ने। विद्यार्थियों को इप्टा के गौरवशाली इतिहास का संक्षिप्त परिचय दिया इंदौर इप्टा के संयोजक प्रमोद बागड़ी ने। इस पूरे कार्यक्रम में कलाकारों को उनकी भूमिका देने का काम नाट्य निर्देशिका और वरिष्ठ अर्थशास्त्री जया मेहता ने किया।

पॉल रॉबसन का परिचय देने के लिए रवि शंकर ने अली सरदार जाफरी की पॉल रॉबसन पर लिखी कविता का पाठ किया जिसमें पॉल रॉबसन की शख्सियत का बेहद खूबसूरत बयान किया गया था। ''अपने नगमे पे कोई नाज तुझे हो कि न हो, नगमा इस बात पे नाजाँ है कि वो है फन तेरा'' जैसी पंक्तियों से सरदार जाफरी ने महानायक पॉल रॉबसन के लिए ये नज़्म कही थी।

इप्टा के युवा साथी उजान बैनर्जी ने बताया कि पॉल के पिता एक गुलाम थे और गुलामी की प्रथा की वजह से अजन्मा बच्चा भी गुलाम ही बनता था। पॉल के पिता ने गुलामी में रहने से इंकार कर दिया था और वे लड़े और पास्टर भी बन गए थे। अपने पिता से पॉल ने आजादी की प्रेरणा हासिल की थी जो बाद में उनके नस्लभेद और रंगभेद विरोधी संघर्ष की बुनियाद बना।

पॉल में अनेक किस्म की प्रतिभाएं थीं। वे फुटबॉल के बहुत अच्छे खिलाड़ी थे। रटगर्स यूनिवर्सिटी में उन्हें वजीफा मिला और वे वहां पढ़ने पहुंचे। उन्होंने पाया कि पूरे विश्वविद्यालय में वे अकेले ही अश्वेत थे। वे फुटबॉल खिलाड़ी थे लेकिन उन्हें गोरे विद्यार्थी खेलने नहीं देते थे, उन्हें गालियां देते थे, उन्हें मारते–पीटते थे।

एक बार तो उनका कंधा भी टूट गया। उन्होंने सोचा कि वे फुटबॉल खेलने का ख्याल छोड़ ही दें लेकिन फिर उन्हें अपने पिता की कही बात याद आती थी और वे फिर अडिग चट्टान जैसे अड़ जाते थे। उनके पिता ने उनसे कहा था कि वे समूची नीग्रो समुदाय के प्रतिनिधि हैं। इसलिए उन्हें अपने स्वाभिमान को बचाते हुए अपने आपको साबित करना था। जो उन्होंने किया भी। वे अमेरिका की राष्ट्रीय फुटबॉल लीग के खिलाड़ी बने जिन्हें लोग फुटबॉल का सुपरमैन कहते थे।

पॉल रॉबसन के विद्यार्थी जीवन के बाद की घटनाओं पर रौशनी डाली एक अन्य युवा साथी अथर्व शिंत्रे ने। उन्होंने बताया कि कोलम्बिया लॉ स्कूल से वकालत की पढ़ाई करने के बाद पॉल काफी वर्षों के लिए ब्रिटेन में थिएटर करते रहे और उनकी एक्टिंग को भी उतनी ही शोहरत मिली जितनी उनके खेल को मिली थी।

पॉल का राजनीति से सबका ब्रिटेन में रहते हुए ही 1930 के दशक की महामंदी से परेशान बेरोजगार मजदूरों के विरोध प्रदर्शनों और 1936 में स्पेनिश सिविल वॉर में तानाशाह के खिलाफ रिपब्लिकन्स को अपना समर्थन देने से हुई थी। उसके बाद तो वे अफ्रीकी मामलों की परिषद से भी जुड़ गए।

दूसरा विश्वयुद्ध शुरू हो जाने पर वे अमेरिका लौट आए और उन्होंने विश्वयुद्ध में हिटलर के खिलाफ अमेरिका का समर्थन भी किया लेकिन अश्वेत लोगों के नागरिक अधिकारों के संघर्ष और सोवियत संघ की नीतियों की प्रशंसा करने के कारण उन्हें एफबीआई का कोपभाजन बनना पड़ा। उन पर कम्युनिस्ट होने का इलजाम लगाकर उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया और उनके देश के बाहर जाने–आने पर रोक लगा दी गई।

सारी दुनिया में पॉल रॉबसन पर हुई इस कार्रवाई का विरोध किया गया। विश्व के महान कवियों ने पॉल रॉबसन पर कविताएं लिखीं और उन पर लगे प्रतिबन्ध हटाने की मांग की गई। आखिरकार आठ साल के बाद 1958 में पॉल को उनका पासपोर्ट वापस मिल सका।

उस दौरान चिली के महान कवि पाब्लो नेरुदा ने और तुर्की के क्रांतिकारी कवि नाजिम हिकमत ने पॉल रॉबसन के लिए जो कविताएं लिखीं उनका पाठ और गायन भी किया गया। नाजिम हिकमत के गीत ''वो हमारे गीत क्यों रोकना चाहते हैं, नीग्रो भाई हमारे पॉल रॉबसन'' को शर्मिष्ठा घोष के निर्देशन में विनीत तिवारी, उजान, अथर्व, युवराज शर्मा, लक्ष्य जैन, निशा ढोले और कत्यूषा ने गाया।

इस गीत का बांग्ला अनुवाद किया था हेमांगो बिस्वास ने और संगीतबद्ध किया था कमल सरकार ने। ''पॉल रॉबसन के लिए एक गीत'' शीर्षक से पाब्लो नेरुदा की कविता का अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद किया विनीत तिवारी ने और उसका पाठ सारिका श्रीवास्तव ने किया। जया मेहता ने पॉल रॉबसन के नाटकों और फिल्मों में उनकी विशिष्ट शैली को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि ''वूडू'', ''ऑथेलो'' और ''एम्परर जोंस'' जैसे नाटकों में काम करने से पॉल रॉबसन प्रतिष्ठा बहुत बढ़ी।

इन नाटकों में पहली बार कोई मुख्य किरदार अश्वेत बनाया गया था। पॉल ने ऑथेलो की एक अलग ही व्याख्या की जो बहुत सराही गई। उनकी पहली फिल्म ''बॉडी और सोल'' (1925) को भी बहुत प्रशंसा मिली। जया मेहता ने साथ ही पॉल रॉबसन के विश्व शांति कायम करने के प्रयासों पर भी रौशनी डाली।

पॉल ने पेरिस शांति सम्मेलन को भी सम्बोधित किया और वर्ल्ड पीस काउंसिल की मीटिंग को भी सम्बोधित किया। पॉल रॉबसन ने केवल अमेरिकी अश्वेतों के लिए ही नहीं बल्कि दुनिया के सभी दमितों–शोषितों के लिए संघर्ष किया। दक्षिण अफ्रीका में नस्लभेद की नीतियों के खिलाफ उनके काम को उनके मरने के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ ने रेखांकित किया।

विनीत तिवारी ने बताया कि जब 1958 में पॉल रॉबसन 60 वर्ष के हुए तो दुनिया के 50 देशों में उनका जन्मदिन मनाया जिसमें रूस, चीन, भारत आदि देश शामिल थे। पॉल रॉबसन की ख्याति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जब एक अमेरिकी पहली दफा भारत आया और गांधी जी से मिला तो गांधी जी ने उससे पहला सवाल ही यह पूछा कि पॉल रॉबसन कैसे हैं।

कार्यक्रम के अंत में इप्टा के गायन समूह ने पॉल रॉबसन के विश्व प्रसिद्ध गीत ''ओल्ड मैन रिवर – मिसिसिपी'' से प्रभावित और लगभग उसी धुन पर असमिया संगीतकार और गायक भूपेन हजारिका के प्रसिद्ध गीत ''ओ गंगा, बहती हो क्यों?'' को प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

इंदौर स्कूल ऑफ सोशल वर्क की प्रभारी प्राचार्या डॉ. सुधा जैन ने विद्यार्थियों को पॉल रॉबसन के बारे में इतनी रोचक तरह से जानकारी देने के लिए इप्टा के सभी सदस्यों का आभार माना और विद्यार्थियों को पॉल रॉबसन के बारे में और अधिक पढ़ने और उनसे प्रेरणा लेने के लिए कहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ ही डॉ. रितेश महाडिक, डॉ. मीनाक्षी कार, शैला शिंत्रे, आदि भी मौजूद थे।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## मनमाने ढंग से बढ़ाए गए गृहकर एवं जनसमस्याओं समस्याओं को लेकर व्यापारियों में नगर पालिका शाहाबाद के प्रति असंतोष

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नगर पालिका परिषद शाहाबाद में मनमाने ढंग से बढ़ाए गए गृहकर, दुकान कर एवं जन समस्याओं को लेकर शाहाबाद के व्यापारियों में असंतोष उत्पन्न हो गया है।व्यापारियों का आरोप है कि मकानों/दुकानों का एकाएक कई गुना हाउस टैक्स तथा दुकान कर बढ़ा दिया गया है। नगर पालिका परिषद शाहाबाद के नाकारा निरीक्षकों/कर्मियों के कारण आम जनमानस काफी परेशान हो रहा है। प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल, शाहाबाद के महामंत्री संजीव बांगा ने बताया कि शाहाबाद नगर की प्रमुख समस्याओं के निस्तारण में उद्योग व्यापार मंडल एक बार फिर मैदान में है। बताते चलें कि नगरपालिका परिषद द्वारा शाहाबाद में नई नीति के अनुसार मकानों एवं दुकानों का कई गुना हॉउस टैक्स बढ़ा दिया गया है। जिसके कारण आम जनमानस को काफी परेशानी हो रही है।ग्रह कर वसूली कर्मचारी बिना वजह लोगों को परेशान कर रहे हैं।जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कर्मचारी कहते हैं कि पहले बढ़ा हुआ हाउस टैक्स पिछले साल का तथा अगले साल का एडवांस हाउस टैक्स जमा कराओ,तभी बच्चे का जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनेगा। कोषाध्यक्ष छुन्ना भाई कहते हैं कि बंद घड़ी घर में लगाना अपशगुन माना जाता है , लेकिन यहाँ तो वर्षों से बाजार का बंद घंटाघर मनहूसियत फैला रहा है।नगर की सभी सड़कों में हुए गड्ढे ,स्पीड ब्रेकर का काम कर रहे हैं। एवं



सामान्य पानी बरसने पर तालाब का काम करते हैं।जो प्रायः दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। इन सब समस्याओं को लेकर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा नगरपालिका परिषद शाहाबाद के अधिशाषी अधिकारी आर आर अंबेश को ज्ञापन दिया गया।इस पर नगरपालिका ईओ द्वारा आवासीय भवन के गृहकर की नयी नियमवली दी गयी है, लेकिन दुकानों के लिए लगने वाले गृहकर का कोई मानक या नियमावली नहीं है। अतः यदि किसी भवन या दुकान का गृहकर काफी ज्यादा लग गया हो तो आपत्ति लगाकर उसे सही करवाकर ही नगर पालिका परिषद जमा करे।गृहकर विभाग के कर्मचारी अनूप गुप्ता की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए गए।जिनका समाधान अधिशाषी अधिकारी ने राजस्व निरीक्षक अनस खां को बुलाकर निर्देशित किया कि गृह कर दफ्तर का कर्मचारी हर नागरिक से अच्छा व्यवहार करे। ज्ञापन दाताओं में उद्योग व्यापार मंडल महामंत्री संजीव बांगा, कोषाध्यक्ष छुन्ना भाई, युवा अध्यक्ष नीरज नरूला, संदीप गुप्ता, रामू राठौर, सुरकुट्टी लाल गुप्ता, विशाल गुप्ता एवं वहीद खां आदि शामिल रहे।

## समर सिंह की पुलिस कस्टडी रिमांड आज होगी पूरी : अबतक की पूछताछ में उगले कई राज

वाराणसी ब्यूरो : भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी गायक समर सिंह बीते 13 अप्रैल से पुलिस कस्टडी रिमांड में है। कस्टडी रिमांड की अवधि आज पूरी हो रही है। शाम पांच बजे समर का मेडिकल मुआयना कराकर वापस जिला जेल में दाखिल किया जाएगा। आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में समर का दोस्त संजय सिंह भी जिला जेल में ही बंद है। कस्टडी रिमांड में पुलिस की पूछताछ में समर सिंह ने बताया कि बीते 25 मार्च को वह गोरखपुर में था। 26 मार्च की शाम मुंबई में उसका शो था। इसके लिए वह सुबह गोरखपुर से वाराणसी आया था और बाबतपुर एयरपोर्ट से उसे मुंबई जाना था। उसी दौरान उसे आकांक्षा की आत्महत्या की खबर मिली और उसके करीबियों की कॉल आनी शुरू हो गई। चार शहरों में ठिकाने बदल–बदल कर रह रहा था इसके बाद वह मुंबई नहीं गया और सड़क मार्ग से लखनऊ चला गया। लखनऊ में उसने अपने अपार्टमेंट की पार्किंग में अपनी कार खड़ी की और उसी में मोबाइल छोड़ दिया। इसके बाद वह सड़क मार्ग से ही गाजियाबाद चला गया। फिर, गाजियाबाद, दिल्ली, नोएडा और देहरादून में ठिकाने बदल–बदल कर रहता रहा। छह अप्रैल की आधी रात बाद पुलिस ने उसे गाजियाबाद से गिरफ्तार



किया था। लखनऊ में एक्सयूवी से बरामद हुआ समर का मोबाइल समर सिंह का मोबाइल लखनऊ के गोमती नगर विस्तार स्थित अपार्टमेंट के पार्किंग में खड़ी उसकी एक्सयूवी से पुलिस ने बरामद किया है। कॉल डिटेल रिकॉर्ड के अनुसार 25 मार्च की रात 2:15 बजे के लगभग समर को आकांक्षा दो बार कॉल की थी। समर ने पुलिस को बताया कि दोनों ही बार आकांक्षा की आवाज साफ नहीं आ रही थी, इसलिए वह कॉल काट दिया था। इसके बाद थके होने की वजह से मोबाइल को फ्लाइट मोड में डाल कर वह सो गया था। 25 एलबम और एक फिल्म में काम किया था। पुलिस टीम के अनुसार, पूछताछ और कागजातों को खंगालने के बाद यह सामने आया है कि आकांक्षा और समर ने भोजपुरी के 25 म्यूजिक एलबम और एक फिल्म में साथ काम किया था। इसके लिए समर की ओर से आकांक्षा को नियमित भुगतान किया जाता था। पुलिस के अनुसार, ऐसा कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है कि समर पर आकांक्षा का कोई बड़ा बकाया था।

## पालिकाध्यक्ष पद हेतु भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों ने भरा नामांकन पत्र

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों ने सोमवार को नगर निकाय चुनाव के लिए अपना अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पार्टी प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान पार्टी पदाधिकारी व राज्य सरकार के मंत्रीगणों सहित वरिष्ठ नेता सम्मलित हुए।पार्टी पदाधिकारी नगर निकाय चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहे। जिले की नगर पालिका परिषदों तथा नगर पंचायतों में भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान सोमवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश पदाधिकारी तथा प्रदेश सरकार के मंत्री जे पी एस राठौर, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी एवं विधायक गण अपने अपने क्षेत्रों में मौजूद रहे।भाजपा के पालिकाध्यक्ष पद के उम्मीदवारों ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। अध्यक्ष पद हेतु हरदोई से सुख सागर मिश्रा मधुर ने भाजपा उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र भरा। यहां उनके साथ जिले के प्रभारी मंत्री जे पी एस राठौर, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, सांसद जय प्रकाश रावत एवं जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र रहे। पार्टी ने मौजूदा नगर पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्रा 'मधुर' के नाम पर पुनः भरोसा व्यक्त किया। शाहाबाद नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु भाजपा उम्मीदवार संजय मिश्र ने नामांकन पत्र दाखिल किया। यहां उनके प्रस्तावक भाजपा जिला महामंत्री सत्येन्द्र कुमार सिंह राजपूत के अलावा उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी मौजूद रहीं। हरदोई में भाजपा उम्मीदवार सुखसागर मिश्र मधुर ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष



पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। संडीला नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद पर भाजपा उम्मीदवार महेंद्र सोनी ने नामांकन कराया।उनके साथ भाजपा विधायक अलका सिंह अर्कवंशी रहीं। संडीला में रईस अंसारी ने सपा से अध्यक्ष पद पर नामंकन कराया। कांग्रेस उम्मीदवार मंजू लता ने भी किया नामांकन पत्र भरा।यहां पूर्व सभासद अभय गुप्ता ने भाजपा से बागी होकर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अध्यक्ष पद हेतु नामांकन पत्र भरा। भाजपा से टिकट न मिलने पर अभय नाखुश हैं। नगर पालिका परिषद पिहानी के अध्यक्ष पद हेतु भाजपा उम्मीदवार प्रदीप अवस्थी ने नामांकन कराया। साण्डी से अध्यक्ष पद हेतु भाजपा उम्मीदवार बाबूराम राजपूत लोधी ने नामांकन पत्र भरा। मल्लावां से भाजपा उम्मीदवार सुशीला देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। बिलग्राम से भाजपा के उम्मीदवार अनिल कुमार राठौर ने नामांकन पत्र भरा। आदर्श नगर पंचायत गोपामऊ से अध्यक्ष पद के लिए भाजपा उम्मीदवार हाजी वलीमोहम्मद ने नामांकन पत्र दाखिल किया।उनके साथ में सांसद जयप्रकाश मौजूद रहे।

## सभासद पद का टिकट कटने से खफा भाजपा नेता ने खाया जहर : हालत बिगड़ीय अस्पताल में कराया गया भर्ती

आगरा ब्यूरो : सभासद पद का टिकट कटने से आहत भाजपा नेता ने रविवार की रात जहर खा लिया। जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। आनन–फानन में परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने वार्ड 27 से सभासद पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि भाजपा नेतृत्व से जारी प्रत्याशियों की सूची में उनका नाम था लेकिन स्थानीय स्तर पर सूची को संशोधित कर उनका नाम काट दिया गया। अमरोहा नगर के मोहल्ला मंडी चौब में रहने वाले मुकेश सक्सेना उर्फ नाटे भाई भाजपा नेता हैं। लंबे समय से पार्टी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने वार्ड 27 से सभासद पद का चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया था। जिसके बाद रविवार को भाजपा नेतृत्व के द्वारा अध्यक्ष और सभासद पद की सूची जारी की गई। आरोप है कि वार्ड सभासद की पहली सूची में उनका नाम शामिल था लेकिन रविवार शाम को अचानक दूसरी सूची से उनका नाम गायब हो गया। बाद में संशोधित सूची करके भाजपा नेताओं के द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। जब



टिकट कटने की जानकारी भाजपा नेता मुकेश सक्सेना उर्फ नाटे भाई को हुई तो वह आहत हो गए। जिसके कुछ देर बाद उन्होंने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। थोड़ी देर में उनकी हालत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजनों और समर्थकों ने उन्हें शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। भाजपा के जिला महामंत्री राकेश वर्मा ने टिकट कटने से आहत होकर जहर खाने की पुष्टि की है।

## गोली लगने के बाद कई मिनट तक तड़पता रहा अतीक अहमद : अशरफ ने तुरंत तोड़ दिया दम

प्रयागराज ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शनिवार की देर रात माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या कर दी गई। कॉल्विन अस्पताल के पास अतीक अहमद और अशरफ पर जिस वक्त गोलियों से हमला किया गया, उन्हें पुलिस वाले और मीडियाकर्मी घेरे हुए थे। जैसे ही गोलियां चलने लगीं, वहां मौजूद पुलिस और अन्य लोग जान बचाने के लिए इधर–उधर भागने लगे। जैसे ही अतीक के सिर में पहली गोली लगी तो वह वहीं गिर गया। इसके बाद भी हमलावरों ने उसे ताबड़तोड़ आठ गोलियां मारी गईं। हालांकि गोलियां लगने के कुछ मिनट बाद तक वह तड़पता रहा। उसकी सांसें चल रहीं थीं लेकिन जब तब डॉक्टर आकर चेकअप करते तब तक अतीक की मौत हो गई थी। अशरफ को भी पहली गोली सिर में लगी थी। उसे कुल छह गोलियां मारी गईं। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अशरफ की तुरंत ही मौत हो गई थी। आपको बता दें कि कॉल्विन अस्पताल परिसर में शनिवार की रात अतीक को आठ गोलियां और अशरफ को छह गोलियां मारी गई थीं। तीन गोलियां अशरफ के शरीर में फंसी रह गईं। पोस्टमार्टम में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि दोनों के शरीर पर गिरने के कारण भी चोट लगी थी। पांच डॉक्टरों के पैनल ने देर शाम दोनों के शवों का पोस्टमार्टम किया गया। ससुर और बहनोई को अतीक का शव और भांजे को अशरफ का शव सौंपा गया। पोस्टमार्टम के बाद अतीक के दो नाबालिग बेटे एंबुलेंस में शव के साथ रहे। रविवार शाम को पोस्टमार्टम से पहले अतीक और अशरफ के नजदीकी रिश्तेदारों को बुलवा लिया गया था। अतीक के दोनों बेटे भी बाल गृह से लाए गए। पुलिस ने कागजी कार्रवाई में दिन भर लगा दिया था। उसका प्रयास था कि पोस्टमार्टम होते–होते शाम हो जाए, ताकि रात में अंत्येष्टि के दौरान कब्रिस्तान में ज्यादा लोग न जुटें। दोपहर बाद दोनों के शवों को एक्सरे के लिए कॉल्विन अस्पताल भेजा गया।



एक्सरे के बाद उनके शवों को दोबारा पोस्टमार्टम हाउस लाया गया। यहां पांच डॉक्टरों के पैनल ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी की गई। पांच डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम डॉ. दीपक तिवारी की अगुवाई में डॉ. बद्री विशाल, डॉ. सोनू समेत पांच डाक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। अतीक को आठ गोलियां मारी गईं थीं। अशरफ को छह गोलियां लगीं थीं। तीन गोलियां शरीर में ही दो टुकड़ों में मिली थीं। पोस्टमार्टम के बाद अतीक के शव को उसके ससुर और बहनोई को सौंप दिया गया था। अशरफ का शव करीब आधा घंटे बाद भेजा गया। उसका शव भांजे को सौंपा गया था।अतीक अहमद और अशरफ की गोली मारकर हत्या आपको बता दें कि प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद और अशरफ की शनिवार की रात में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रात साढ़े 10 बजे के बाद अतीक और अशरफ को उस वक्त गोली मारी गई जब वो दोनों मेडिकल जांच के लिए अस्पताल लाया गए थे। मीडियाकर्मी बनकर आए तीन हमलावरों ने दनादन गोलियां बरसाईं गयी।

## बीए प्रथम वर्ष की छात्रा की बीच बाजार गोली मारकर हत्या : कॉलेज से पेपर देकर लौट रही थी छात्रा

जालौन ब्यूरो : यूपी के जालौन जिले में सोमवार को बीए प्रथम वर्ष की छात्रा की सरेआम गोली मारकर हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा 21 वर्षीय रोशनी पुत्री मान सिंह अहिरवार, एट के राम लखन महाविद्यालय में पेपर देकर अपने गांव ऐधा वापस पैदल जा रही थी। उसी दौरान एट के कोटरा रोड बाजार में बाइक सवार दो युवकों ने कनपटी से सटाकर गोली मार दी और भाग गए। छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित थाने



की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। युवकी की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## सिद्धार्थनगर में ट्रैक्टर–ट्रॉली की चपेट में आकर वृद्ध महिला की मौत : मचा हड़कंप

सिद्धार्थनगर ब्यूरो : सिद्धार्थनगर जिले में जोगिया कोतवाली क्षेत्र के शोहरतगढ़– सनई मार्ग पर स्थित परसा गांव के पास सोमवार सुबह सड़क पार करते समय ट्रैक्टर–ट्रॉली की चपेट में आकर एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के धेंसानाकार गांव निवासी सोनरी देवी (70) पत्नी श्याम सुंदर वर्मा का गांव से एक किलोमीटर दूर परसा में भी घर बना हुआ है। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह घर से निकलकर शोहरतगढ़–सनई मार्ग को पार कर रही थी। तभी एक ट्रैक्टर–ट्रॉली ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मौके से भाग रहे ट्रैक्टर–ट्रॉली



को लोगों ने बाइक से दौड़ाकर पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में एसओ जोगिया अभिमन्यु सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए भेज दिया गया है। केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# नामांकन कक्षों के सी.सी.टी.वी. सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग रूट वीडियोग्राफी सुव्यवस्थित रहे–डीएम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा के द्वारा बदलापुर तहसील में न्यायालय नायब तहसीलदार बदलापुर कक्ष में अध्यक्ष एवं सदस्य पद हेतु नामांकन का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपजिलाधिकारी बदलापुर ऋषभ देशराज पुण्डीर से आज के नामांकन की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए, उन्होंने निर्देशित किया कि नामांकन कक्षों के सी.सी.टी.वी. सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, रूट, वीडियोग्राफी सुव्यवस्थित रहे। इसके उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सल्तनत बहादुर पोस्ट डिग्री कॉलेज बदलापुर में बनाये गए मतगणना स्थल का जायजा लिया और उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि स्ट्रॉन्ग रूम और मतगणना रूम पास–पास होना चाहिए और उसमे आने जाने का रास्ता अलग अलग होना चाहिए। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आदर्श (मिडिया स्कूल) पूर्व माध्यमिक विद्यालय श्री कृष्णनगर बदलापुर में बनाये



गया मतदान केंद्र का निरीक्षण किया और उपजिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी बदलापुर अनिल सिंह को मतगणना केंद्र पर मतदाताओं के लिये पीने के लिए पानी, धूप से बचने के लिए सेड आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार बदलापुर, सी०ओ० बदलापुर उपस्थित रहे।

# आप पार्टी से नगर पालिका अध्यक्ष पद की उम्मीदवार डॉ. चित्रलेखा सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आम आदमी पार्टी जौनपुर के जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह (मुन्ना) ने बताया कि जनपद के नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु भावी प्रत्याशी डॉक्टर चित्रलेखा सिंह को आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी बनाया गया यह खबर सुनने के बाद जिले में एक जगह जगह पर चर्चाएं होने शुरू हो गई क्योंकि डॉक्टर चित्रलेखा सिंह जनपद की वरिष्ठ समाजसेवीका तथा समाजवादी पार्टी की महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव है उन्होंने सपा पार्टी को छोड़ आज आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।इसको घोषणा के बाद पत्रकारों से बात करते हुए बौद्ध प्रांत के प्रभारी डॉ अनुराग मिश्रा ने बताया कि समाजवादी पार्टी को छोड़कर डॉ चित्रलेखा सिंह ने आज आम आदमी पार्टी जॉइन किया है। डॉक्टर चित्रलेखा सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जनपद में समाजवादी पार्टी सिर्फ बाते करती है,समाज की लेकिन करती कुछ और है,उन्होंने कहा कि पार्टी में कुछ ऐसे क्षेत्रीय लोग हैं,जो की उन्हें आम जनता एवं लोगो से नही मतलब हैं,उन्हें अपने से मतलब हैं। इस लिए हमने सपा पार्टी छोड़ देश में सबसे तेजी से अपने अच्छे कार्यों की वजह से आगे बढ़ती हुई लोकप्रिय पार्टी आम आदमी पार्टी ज्वाईन कर रही हूं । हमारा उद्देश्य जनता से जुड़कर लोगो की सेवा करना है जो समाजवादी पार्टी में रहकर करना संभव नहीं हैं।वहां सिर्फ समाजवाद की बात




होती है लेकिन काम सिर्फ स्वयं का सिध्द किया जाता है।जनता के दर्द से उन्हें कोई मतलब नही होता है। डॉ सिंह के साथ साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता निम्न लोगों ने लियाद् जिला सचिव (सपा) विजय सिंह बागी, मोती लाल (पूर्व अध्यक्ष दुर्गा पूजा महासमिति), अंसुमान सिंह (पूर्व अध्यक्ष टी डी कॉलेज), शौकत अली (पूर्व अध्यक्ष), जफर मसूद (अध्यक्ष मरकजी सीरत), श्रीमती रेनू तिवारी, सरिता मौर्या, इसूती मौर्य, पिंकी मौर्य, सुमन यादव, अरुण गुप्ता, संजय कन्नौजिया (सचिव विधानसभा सदर), जहीर भाई कालीचाबाद, अनिल साहू (पूर्व महासचीव दुर्गा पूजा महासमिति), सरताज अहमद, सलीम, विजय गुप्ता, आदर्श सिंह, देवेन्द्र सिंह, अभिषेक सिंह, इकराम, विजय, प्रताप, राजेश चौधरी, बलबीर यादव, कमला पटेल, ज्ञानद्रे यादव, डंपी सिंह, लालचंद्र, लोकेश, अजय शर्मा, रामनिर्जन, पप्पू भाई, नसीम, रतन गुप्ता इत्यादि सैकड़ों लोगों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया है।

# दूरसंचार कॉलोनी सेक्टर डी अलीगंज के पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। दूरसंचार महिला कल्याण संगठन (बीएसएनएल) लखनऊ द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए दूरसंचार कॉलोनी सेक्टर डी, अलीगंज के पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया स जिसमें संगठन की सभी महिलाओं ने फलदार वृक्ष अनार, जामुन . अमरूद आदि के पौधों का रोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा श्रीमती अनुपमा जौहरी, सचिव श्रीमती अंजू लता सिंह , कोषाध्यक्ष श्रीमती अर्चना कुमार, श्रीमती ज्योति कठारिया, श्रीमती शिल्पा कुमार, संयुक्त सचिव श्रीमती मंजू वर्मा, संयुक्त सचिव श्रीमती शोभना वर्मा, संयुक्त सचिव (खेल) डॉ. अंजू वार्ष्णेय, श्रीमती अंजू द्विवेदी , संगीता, सुनीता, विनीता, सुचित्रा, अंजू दुबे, श्रीमती मनोरमा, ऊषा, कल्पना, संध्या, अंजना सुनीता, प्रीति, अर्चना तृप्ति, मनीषा, दीपा, वंदना कुकरेजा, मनीषा एवं अन्य



सभी महिलाओं ने पर्यावरण को संरक्षित रखने की शपथ ली। संगठन द्वारा महिला दिवस के अवसर पर मिशनरीज ऑफ चौरिटी में सभी लोगों को भोजन कराया गया एवं राशन भी उपलब्ध कराया गया। वर्ष भर संगठन द्वारा महिलाओं के उत्थान एवं सम्मान के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

# 18 एवं 19 अप्रैल को देशभर के वरिष्ठ व्यापारी नेता राजधानी दिल्ली में होंगे एकजुट

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रांतीय चेयरमैन एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि रिटेल व्यापारियों के समक्ष वर्तमान में विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियों की मनमानियो तथा भारत के नियम कानूनों का उल्लंघन करते हुए इन कंपनियों द्वारा किए जा रहे व्यापार के काला रिटेल व्यापारियों का व्यापार चौपट हो रहा है परंपरागत व्यापारी अत्यधिक परेशान है तथा उसके सामने अपने व्यापार को बचाना एक बहुत बड़ी चुनौती हो गई है इसके अतिरिक्त जीएसटी की अनेक विसंगतियां भी व्यापारियों के समक्ष कठिनाइयां उत्पन्न कर रही हैं। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने बताया ''कैट'' के तत्वाधान में 18 एवं 19 अप्रैल को दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली के एन डी एम सी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है जिसमें सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कैट से जुड़े हुए एवं अन्य विभिन्न संगठनों के वरिष्ठ व्यापारी नेता शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी ने बताया राजधानी लखनऊ से उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं कैट के प्रांतीय चेयरमैन संजय गुप्ता इस अधिवेशन में शामिल होंगे तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों से व्यापारी भी इस अधिवेशन में हिस्सा लेंगे तथा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान की रणनीति इस अधिवेशन में बनाई जाएगी।

# निरंतर चलने वाली प्रक्रिया हैं अनुसंधान –कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में सोमवार को पीएच.डी. कोर्स वर्क– 2023 उद्घाटन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। बतौर अध्यक्ष विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने शोध और अनुसंधान के मौलिक अंतर को समझाया। उन्होंने अपनी बात कबीरदास के दोहे से शुरुआत करते हुए कहा




कि जिन खोजा तिन पाइया गहरे पानी पैठ, मैं बपुरा बूडन डरा, रहा किनारे बैठ। अनुसंधान में भी यही चीज लागू होती है। शोध एक दो सप्ताह की नहीं बल्कि निरंतर स्टेप बाई स्टेप चलने वाली प्रक्रिया है। इसमें परिकल्पना के सहारे समस्या का समाधान ढूंढा जाता है। उन्होंने शोध में जरूरी चीजों के साथ शोध प्रविधि के बारे में सुव्यवस्थित ढंग से विस्तार से समझाया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रो. वंदना राय ने कहा कि रिसर्च एक सतत प्रक्रिया है। शोधार्थी को इसे ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। कहा कि शोधार्थी से कच्चा (रॉ) डेटा हमेशा रखना चाहिए। अक्सर प्रकाशक उसकी मांग करते हैं। उन्होंने रिसर्च के एथिक्स को समझाते हुए रिसर्च पेपर में साहित्यिक चोरी पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने गेस्ट, घोस्ट और गिफ्ट आथरशिप पर उदाहरण के साथ अपनी बात रखी। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि रिसर्च समाजपयोगी होना चाहिए। तभी समाज का भला और देश को मजबूती मिलेगी। उन्होंने नई शिक्षा नीति को कोड करते हुए कहा कि स्थानीय चीजों पर भी शोध होना चाहिए। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय के साथ–साथ महाविद्यालयों में पीएच.डी. केंद्र स्थापित किये जायेंगे। शोध विश्वविद्यालय की रीढ़ होता है। यही से विश्वविद्यालय के पहचान का रास्ता खुलता है। कार्यक्रम का संचालन प्रोग्राम समन्वयक प्रो. मुराद अली एवं धन्यवाद ज्ञापन समरीन ने किया। इस कार्यक्रम की रूपरेखा कुलपति के निर्देशन में सहायक कुलसचिव शैक्षणिक बबिता सिंह ने टीम के साथ तैयार की। इस अवसर पर प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, डा. राजकुमार, डा. प्रमोद कुमार यादवा, डा. मनीष गुप्ता, डॉ मनोज मिश्र, डॉ रसिकेश, डा. प्रमोद कुमार, डॉ सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डा. नितेश जायसवाल, डॉ विनय वर्मा, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, नंदकिशोर सिंह, रमेश यादव आदि मौजूद रहे।

## रोहित अग्रवाल ने जिला अध्यक्षों को सौंपा सिंबल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर रोहित अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष (व्यापार) राष्ट्रीय



लोक दल ने अपने आवास पर पूर्वी उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव लड़ने हेतु जिला अध्यक्षों को सिंबल सौंपा सबको जीत की अग्रिम बधाई दी।

## बाल विवाह समाज व उस व्यक्ति के लिये एक अभिशाप है –जिला प्रोबेशन अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 सरकार के निर्देशानुसार बालकों/बालिकाओं के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुये जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला बाल संरक्षण अधिकारी जौनपुर द्वारा जनपद के समस्त प्रबुद्धजनों से अपील की जाती है कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम–1929 यथा संशोधित 2006 के अन्तर्गत बाल विवाह करना/कराना, कानूनी



अपराध है। प्रायः यह देखा जाता है कि अक्षय तृतीया पर बाल विवाह कराये जाने की कुप्रथा रही है। बाल विवाह समाज व उस व्यक्ति के लिये जिसका बाल विवाह हो रहा है एक अभिशाप है। यह गरीबी के दुष्चक्र को बनाये रखने में मदद करता है। यदि कोई भी व्यक्ति/संस्था जिसको बाल विवाह के सम्पन्न होने की जानकारी या वाजीब शंका हो वह अपने इलाके के पुलिस थाना, जिलाधिकारी द्वारा नामित बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राम अक्षयबर चौहान, मो0नं0– 9454417649, बिजय कुमार पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी, मो0नं0–7518024045, चन्दन राय, बाल संरक्षण अधिकारी, मो0नं0–8115066215, अशोक कुमार मिश्र, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, जौनपुर मो0नं0–9792636278 एवं सदस्यगण डा0 उमाशंकरसिंह, विनय कुमार सिंह, चन्द्रभूषण सिंह एवं माधुरी गुप्ता के साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नं0–1098, इमरजेन्सी हेल्पलाइन नं0–112, महिला हेल्पलाइन नं0–181 और जिला मजिस्ट्रेट जौनपुर को लिखित या मौखिक रूप से सूचित कर सकते हैं। वह लड़की जिसने 18 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो एवं वह लड़का जिसने 21 वर्ष की आयु पूर्ण न किया हो और यदि व शादी करते हैं तो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम–2006 के अन्तर्गत कानूनी अपराध है। ऐसे विवाह करवाने वाले व्यक्तियों जैसे पण्डित, मौलवी, पादरी, नाई, कहार, बैण्डबाजा, हलवाई, टेन्ट वाला व्यक्ति, पिता एवं रिश्तेदार, दोस्त इत्यादि उक्त कानून के धारा 10 के अन्तर्गत बाल विवाह को सहमति देना, बढावा देना या शामिल होना उक्त कानून के धारा 11 के अन्तर्गत दण्ड 2 साल तक का कठोर कारावासध्एक लाख जुमार्ना या दोनो का प्रावधान है।

## कार्यालय–ग्राम पंचायत दुर्गापार, विकास खण्ड–सिकरारा, जौनपुर

पत्रांक– मेमो/ग्रा0पं0पा0/ दिनांक 16.04.2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा बी.आर.जी.एफ. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिए निम्निलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17.04.2023 से 25.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 25.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 03:00 से 04:00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू | प्रति घन मी0 | |
| 4 | महीन बालू | प्रति घन मी0 | |
| 5 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 से 53 एम.एम. | प्रति घन मी0 | |
| 6 | ईट गिट्टी | 20–40 एम.एम. | |
| 7 | सरिया 2 एमएम, 3 एमएम, 4 एमएम | प्रति कुन्तल | |
| 8 | ह्यूम पाइप 250 एम.एम. | प्रति हजार | |
| 9 | ह्यूम पाइप 300, 600, 900 एमएम | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट | प्रति घन मी0 | |
| 11 | समर्सिबल पम्प 1 एचपी | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/कैबल तार | | |
| 13 | कन्ट्रक्शन ज्वाइण्ट | | |
| 14 | पार्क बेंच/सी0सी0 बेंच | | |
| 15 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 16 | टाइल्स शौचालय सेट | प्रति नग | |
| 17 | हैण्डपम्प सामग्री व रिबोर आदि | प्रति नग | |
| 18 | इण्टर लांकिग | प्रति नग | |
| 19 | हेल्थ एण्ड सैनिटेशन | | |
| 20 | पंचायत भवन निर्माण सामग्री, फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि क्रय | | |
| 21 | खेल के मैदान पर सामग्री, ओपेन जिम पर सामग्री | | |
| 22 | पेटिंग एवं चित्रकारी, स्टेश्नरी, अन्य व्यय | | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता का वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में चिह्नित होगा।

प्रधान
रमेश यदुबीर

ग्राम विकास अधिकारी
अतुल मिश्रा

## वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय पीयू में ग्रीष्मावकाश 1 से 30 जून तक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति –2020 लागू होने के फलस्वरूप सेमेस्टर परीक्षाएं, मिड टर्म, प्रायोगिक परीक्षाओं के आयोजन एवं अध्ययन अध्यापन के दृष्टिगत ग्रीष्मावकाश 1 जून 2023 से 30 जून तक रहेगा। यह निर्णय प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर 2022 –23 के दृष्टिगत किया गया है। शैक्षणिक कैलेंडर के दिशा निर्देश में एक सेमेस्टर से दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा के बीच 90 दिन क्लास होना जरूरी है। इसी के मद्देनजर विश्वविद्यालय प्रशासन ने 1 मई 2023 से 15 मई 2023 तक अध्ययन अध्यापन पूर्व की भांति कराने का निर्णय लिया है। इसी के साथ आनलाइन मोड में 16 मई से 30 मई 2023 तक कक्षाएं संचालित की जाएंगी, ताकि विद्यार्थी का सत्र विलंबित ना हो और उन्हें अगली कक्षाओं में प्रवेश समय से मिल जाए।

## कार्यालय–ग्राम पंचायत कलवारी, विकास खण्ड–सिकरारा, जौनपुर

पत्रांक– मेमो/ग्रा0पं0पा0/ दिनांक 16.04.2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा बी.आर.जी.एफ. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिए निम्निलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17.04.2023 से 25.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 25.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 03:00 से 04:00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू | प्रति घन मी0 | |
| 4 | महीन बालू | प्रति घन मी0 | |
| 5 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 से 53 एम.एम. | प्रति घन मी0 | |
| 6 | ईट गिट्टी | 20–40 एम.एम. | |
| 7 | सरिया 2 एमएम, 3 एमएम, 4 एमएम | प्रति कुन्तल | |
| 8 | ह्यूम पाइप 250 एम.एम. | प्रति हजार | |
| 9 | ह्यूम पाइप 300, 600, 900 एमएम | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट | प्रति घन मी0 | |
| 11 | समर्सिबल पम्प 1 एचपी | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/कैबल तार | | |
| 13 | कन्ट्रक्शन ज्वाइण्ट | | |
| 14 | पार्क बेंच/सी0सी0 बेंच | | |
| 15 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 16 | टाइल्स शौचालय सेट | प्रति नग | |
| 17 | हैण्डपम्प सामग्री व रिबोर आदि | प्रति नग | |
| 18 | इण्टर लांकिग | प्रति नग | |
| 19 | हेल्थ एण्ड सैनिटेशन | | |
| 20 | पंचायत भवन निर्माण सामग्री, फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि क्रय | | |
| 21 | खेल के मैदान पर सामग्री, ओपेन जिम पर सामग्री | | |
| 22 | पेटिंग एवं चित्रकारी, स्टेश्नरी, अन्य व्यय | | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता का वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में चिह्नित होगा।

प्रधान
जवाहर लाल

ग्राम विकास अधिकारी
अतुल मिश्रा

# हाईटेंशन लाइन के टूटकर गिरने से पिता पुत्र समेत तीन की मौत : इलाके में हड़कंप

गाजीपुर ब्यूरो : यूपी के गाजीपुर जिले में सोमवार सुबह दो अलग–अलग थाना क्षेत्रों में हाईटेंशन तार टूटकर गिरने से पिता–पुत्र सहित तीन की मौत हो गई। हादसे से कोहराम मच गया। तार टूटने से कई गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। मुहम्मदाबाद कोतवाली के चौबेपुर में खेत में फसलों की सिंचाई कर रहे पिता और पुत्र पर अचानक हाईटेंशन तार टूटकर गिर पड़ा। उनकी मौके पर मौत हो गई। बिरनो थाना क्षेत्र के बिरनो गांव में रविवार रात हाईटेंशन तार टूटकर यूबीआई बैंक पर गिरा। इससे कई घरों करंट दौड़ गया। वहीं घर के बाहर लोहे के दरवाजे के पास खड़े वृद्ध की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों के रोने बिलखने से दो गांवों में चीख–पुकार मची हुई है। चौबेपुर गांव निवासी शिवटहल यादव (55) अपने पुत्र अनिल यादव (35) के साथ सुबह पांच बजे खेत की सिंचाई कर रहे थे। इस दौरान बांस के सहारे जा रहा विद्युत तार पिता–पुत्र के ऊपर गिर पड़ा। दोनों की मौके पर ही झुलसकर मौत हो गई। पास के खेत में काम कर रहे किसान शोर मचाते हुए दौड़े। सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराने के साथ पुलिस को घटना



की जानकारी दी। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। मौके पर पहुंचे परिजनों के रोने बिलखने से चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, बिरनो गांव में रविवार रात हाईटेंशन तार टूटकर गिर पड़ा। जिससे कई घरों में बिजली दौड़ गई। वहीं बैंक में आग लगने की सूचना पर घर से बाहर जा रहे त्रिवेणी वर्मा (60) लोहे के दरवाजे से चिपक गए। जब तक परिजन और ग्रामीण पहुंचते वृद्ध की मौके पर मौत हो चुकी थी।

# संकटमोचन संगीत समारोह की अंतिम निशा में सोनू निगम ने जीता बनारस का दिल : मंदिर में उमड़ी भीड़

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के विश्वप्रसिद्ध संकटमोचन संगीत समारोह के शताब्दी वर्ष की अंतिम निशा सदियों की बेहतरीन प्रस्तुतियों में दर्ज हो गई। अपनी मखमली आवाज से संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज करने वाले प्रख्यात गायक सोनू निगम को सामने देख लोग झूम उठे। हर कोई अपने मोबाइल कैमरे में उन्हें कैद करने लगा। दर्शकों–श्रोताओं का प्यार देख सोनू निगम भाव विभोर हो उठे। सोनू निगम को सुनने के लिए रिकॉर्ड भीड़ उमड़ी। मध्य रात्रि के बाद मंच पर सोनू निगम पहुंचे। दर्शकों की अधीरता बढ़ती जा रही थी और जैसे ही सोनू की झलक मिली दर्शक भी हर–हर महादेव का जयघोष करने लगे। सोनूने भी हर हर महादेव से काशी की जनता का अभिवादन स्वीकार किया। पूरा प्रांगण श्रद्धालु और श्रोताओं से भरा हुआ था। सोनू ने सूरत निहारूं से की। सोनू ने कहा कि काशी की ध्‍ारती ऊर्जा से भरी हुई है और यहां प्रस्तुति देना बेहद चुनौतीपूर्ण है, यहां हर श्रोता स्वयं कलाकार है।संकटमोचन संगीत समारोह की अंतिम निशा में पहुंचे सोनू निगम ने मंदिर परिसर में मौजूद लोगों में देश भक्ति का जोश भरा। अपना सबसे लोकप्रिय गाना 'संदेशे आते हैं, हमें तड़पाते हैं, वो चिट्ठी आती है' सुनकार हनुमत भक्तों को भावुक कर दिया। इस दौरान उन्होंने



दर्शकों–श्रोताओं को शहीदों की कुबार्नियां याद दिलाई। हिंदी फिल्मों के प्रख्यात गायक सोनू निगम ने माइक हाथ में लेकर कहा आप तालियों की थाप दें मैं आपको अपनी पसंदीदा गाना सुनाउंगा। बस फिर क्या था तालियों की थाप और सोनू निगम की मखमली आवाज से माहौल रूमानी हो गया। उन्होंने 'हर घड़ी बदल रही है रूप जिंदगी, छांव है कभी है धूप जिंदगी, हर पल यहां जी भर ..कल हो ना हो' और 'अभी मुझमें कहीं, बाकी थोड़ी सी है' गाकर दर्शकों को भाव–विभोर कर दिया। सोनू निगम ने इससे पहले मंच पर आते ही पंडित भीमसेन जोशी और लता मंगेशकर एक शास्त्रीय संगत भी दर्शकों को सुनाकर भक्ति भाव से भर दिया।

# वाराणसी की शहद विदेशों में घोलेगी मिठास : साल भर में करीब 36 टन होता है उत्पादन

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के शाहंशाहपुर स्थित भारतीय सब्जी अनुसंध्‍ाान संस्थान (आईआईवीआर) में शहद प्रोसेसिंग इकाई का विस्तार किया जाएगा। यहां प्रोसेसिंग करके शहद को निर्यात के मानक के अनुसार बनाया जाएगा। इससे शहद विदेशों में भेजी जा सकेगी और मधुमक्खी पालकों को फायदा होगा। किसान उत्पादक संगठन के निदेशक पवन सिंह ने बताया कि पहले बड़ागांव में प्रोसेसिंग इकाई स्थापित करने की योजना थी। लेकिन अब यह सुविधा आईआईवीआर में मिलने वाली है। मंडल के करीब 300 से अध्‍िाक मधुमक्खी पालक यहां अपने उत्पाद की प्रोसेसिंग कराकर बेच सकेंगे। जिला उद्यान अधिकारी सुभाष कुमार ने बताया कि जिले में 75 किसान साल भर में करीब 36 टन शहद का उत्पादन करते हैं। एक बॉक्स 20 से 50 किलो तक शहद सहित मोम, पराग, प्रापलिस और रायल जैली का उत्पादन होता है। प्रोसेसिंग न होने से शहद स्थानीय बाजार में ही बिक पाती है। प्रोसेसिंग के बाद शहद की शुद्धता बढ़ जाएगी और विदेशों में बेची जा सकेगी। आईआईवीआर में मामूली शुल्क लेकर प्रोसेसिंग की सुविधा दी जाएगी।



साथ निर्यात के मानकों के आधार पर पैकिंग भी जाएगी। इसके बाद इसे बाहर निर्यात किया जा सकेगा। प्रोसेसिंग के बाद शहद के जमने की समस्या समाप्त हो जाएगी और इसे ज्यादा समय तक इस्तेमाल किया जा सकेगा। – डॉ. टीके बेहेरा, निदेशक आईआईवीआर

# शोहदे की चौटिंग से तंग आकर छात्रा ने दी जान : घर में फंदे से लटकती मिली लाश



गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर में पिपराइच थाना क्षेत्र के चकिया गांव में रविवार दोपहर छत के कुंडे से नाबालिग छात्रा प्रीति की लटकती लाश मिली। छात्रा को नीचे उतारकर परिजन इलाज कराने भटहट सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। भाई दीपक का आरोप है कि एक शोहदे से परेशान होकर बहन ने खुदकुशी की है। फिलहाल, पुलिस ने मौत की वजह जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, चकिया निवासी खेदन गुप्ता की 16 वर्षीय बेटी प्रीति गुप्ता आठवीं की छात्रा थी। मां बादामी ने बताया कि घर में परचून की दुकान है। दोपहर में वह भटहट कस्बे में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में दुकान का सामान खरीदने आ गई थीं। घर पर बेटी गुड़िया और प्रीति थी। प्रीति ने छोटी बहन गुड़िया को बाजार से समोसा खरीदने के लिए भेज दिया था। कुछ देर बाद बादामी को किसी ने बताया कि उनकी बेटी प्रीति ने फांसी लगा ली है। बताया जा रहा है कि एक युवक नाबालिग को मोबाइल पर चौटिंग कर परेशान कर रहा था। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हालांकि, पुलिस में कभी भी परिजनों ने शोहदे के बारे में शिकायत नहीं की थी। भाई बोला, शोहदा करता था परेशान प्रीति के भाई दीपक ने बताया कि कस्बा का एक युवक काफी दिनों से बहन को परेशान कर रहा था। लोकलज्जा की वजह से बहन ने इसकी जानकारी घर में किसी को नहीं दी थी। लेकिन, एक दिन मोबाइल फोन पर चौटिंग को पकड़ लिया गया और फिर मैं खुद आरोपी युवक के पास गया था। उसे समझाया तो उसने माफी भी मांगी थी, लेकिन उसने अपनी हरकत बंद नहीं की थी, जिस वजह से बहन ने खुदकुशी कर ली।

# पटना से काशी का सफर होगा गंगा के रास्ते : जुलाई से डबल डेकर क्रूज चलाने की योजना

वाराणसी ब्यूरो : राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर पाटलिपुत्र (पटना) से काशी के बीच जलयान चलेगा। इसकी शुरुआत जुलाई से होगी। पटना से काशी की दूरी करीब आठ घंटे में तय होगी। इससे पर्यटन और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूए) ने पटना से वाराणसी के बीच जलयान संचालन के लिए सर्वे कराया है। साथ ही गति में आने वाली बधाएं दूर कर रहा है। सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ तो हर 15 दिन में यह जलयान पटना से वाराणसी आएगा। पटना के दीघा घाट से रवाना होकर वाराणसी के रविदास घाट पर लंगर डालेगा। इस जलयान में 300 यात्रियों के आवागमन की सुविधा रहेगी। आध्‍ाुनिक सुविधा–संसाधनों से लैस जलयान से व्यापारिक गतिविधियां भी आगे बढ़ाई जा सकेंगी। सफर का किराया फिलहाल तय नहीं आईडब्ल्यूए के निदेशक एलके रजक ने बताया कि जुलाई के अंतिम सप्ताह में 300 पर्यटकों को लेकर जलयान वाराणसी पहुंचेगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। सड़क की तर्ज पर जलयानों की गति बढ़ाई जा रही है। जलमार्ग आवाजाही प्रकृति के लिए लाभकारी होने के साथ आर्थिक रूप से भी सस्ता है। लोग इस रास्ते में पड़ने वाले सभी ऐतिहासिक स्थलों को भी देखते हुए सफर कर सकेंगे। पटना से वाराणसी तक के इस सफर का किराया फिलहाल तय नहीं किया



गया है। वैसे अधिकारी का कहना है कि टूर का पैकेज सस्ता ही होगा, जिससे सभी वर्ग के लोग इसका आनंद ले सकें। जलयान पर होंगे दो रेस्टोरेंट निदेशक ने बताया कि पीपीपी मॉडल के तहत यह सुविधा शुरू कराई जा रही है। यात्रियों की सुविधा की दृष्टि से जलयान पर दो रेस्टोरेंट होंगे। यात्रियों की मांग पर रास्ते में पड़ने वाले प्रदेशों, शहरों और पड़ावों के प्रमुख स्थानों के व्यंजन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। रो–रो वैसेल जलयान के रेस्टोरेंट में एक साथ 50 लोग बैठ सकते हैं। यात्रियों के मनोरंजन के लिए गीत–संगीत का बंदोबस्त किया गया है। यात्रियों के लिए घाट पर जेटी लगाई जाएगी। पर्यटकों की सुविधा के लिए दीघा घाट पर पार्किंग की सुविधा भी होगी

# एक साथ जली माता पिता और बेटी की चिता : घर के लाल ने ही उतारा था मौत के घाट

आजमगढ़ ब्यूरो : यूपी के आजमगढ़ जिले का धंधारी गांव तिहरे हत्याकांड के गम से उबर नहीं सका है। माता–पिता और छोटी बहन की कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर हत्या करने वाला युवक फरार है। वह दो बहनों का इकलौता भाई है। गांव के लोग घटनास्थल के मंजर को याद कर सिहर जा रहे हैं। रविवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शवों का राजघाट पर अंतिम संस्कार किया गया। माता–पिता और बेटी की चिताएं जब एक साथ जलीं तो वहां मौजूद हर शख्स रो उठा। मृतक के बड़े भाई ने शवों को मुखाग्नि दिया। वहीं भाई के हाथों जीवित बच गई एक और बहन का तो रो–रोकर बुरा हाल है। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ध्‍ांधारी गांव निवासी भानू प्रताप सिंह गांव के बाहर सड़क के किनारे मकान बनाकर परिवार के साथ रहते थे। उन्होंने शनिवार को पुत्र राजन सिंह (20) को किसी बात पर डांटा था। इस बात से वह क्षुब्ध हो गया। उसने शनिवार की रात ही पिता भानू प्रताप सिंह (48), मां सुनीता देवी (45) और बहन राशि सिंह (13) वर्ष को कुल्हाड़ी से वार करके मार डाला। रविवार सुबह हुई घटना की जानकारी वारदात को अंजाम देने के बाद वह घर से फरार हो गया। आबादी से दूर सड़क किनारे मकान होने के कारण किसी को रात में परिवारवालों की चीख–पुकार सुनाई नहीं दी। सुबह गांव वाले टहलने निकले तो भानू प्रताप के घर पर सन्नाटा पसरा था। घर का दरवाजा खुला हुआ था। कुछ लोग परिवार के



सदस्यों का हाल जानने भीतर गए और वहां का दृश्य देखकर स्तब्ध रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भानू प्रताप के बड़े भाई भूपति सिंह की तहरीर पर राजन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शवों का राजघाट पर एक ही चिता पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। भूपति सिंह ने ही शवों को मुखाग्नि दी। शनिवार रात इस खौफनाक घटना के समय एक पुत्री रिश्तेदारी में गई थी। जिसके चलते वो कलयुगी भाई के हाथों बच गई। उसका रो–रोकर बुरा हाल है। वहीं आरोपी युवक अभी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा है। उसकी तलाश में पुलिस की दो टीम लगी हुई है।

# गोरखपुर के राप्ती नदी में नहाने गए दो दोस्त डूबे : गोताखोरों की मदद से तलाश में जुटी पुलिस

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में सहजनवां थाना क्षेत्र के पाली ब्लॉक की ग्राम पंचायत टिकरिया के पूरब राप्ती नदी में रविवार को नहाने गए दो व्यापारी दोस्त समेत तीन युवक नदी में डूब गए। इनमें से एक किसी तरह बाहर आ गया, लेकिन दो का पता नहीं चला। सूचना पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से तलाश कराई, लेकिन देर शाम तक कामयाबी नहीं मिली। अंधेरा होने की वजह से अब सोमवार सुबह एनडीआरएफ के गोताखोर फिर नदी में तलाश के लिए उतरेंगे। दोनों युवक नरौली गांव के निवासी है।' जानकारी के मुताबिक, सहजनवां थाना क्षेत्र के नरौली निवासी अभिषेक गुप्ता उर्फ बमबम (21) पुत्र अनिरुद्ध गुप्ता रविवार को गांव के ही रमाशंकर गुप्ता (20) पुत्र चंद्र शेखर गुप्ता के साथ राप्ती नदी में नहाने गए थे। अभिषेक ने अपने बुआ के लड़के सन्नी को मोबाइल से फोन कर बुला लिया। तीनों शाम चार बजे के करीब राप्ती नदी में नहाने के लिए उतरे थे। नहाते समय अभिषेक गुप्त व रमाशंकर गहरे पानी में चले गए। यह देखकर सन्नी (22) किनारे था, निकल आया। अभिषेक को डूबता देख बचाने के लिए रमाशंकर आगे बढ़ा, लेकिन वह भी डूबने लगा। नदी के किनारे खड़े कुछ लोगों ने दोनों युवकों को डूबते देखा तो शोर मचाने लगे। इस दौरान कुछ युवकों ने नदी में



जाकर दोनों की तलाश शुरू कर दी, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। अभिषेक गुटका का सप्लाई का कार्य करता है। वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। रमाशंकर चार भाइयों में सबसे छोटा था। वह मिनवां चौराहे पर बेकर्स की दुकान चलाता था। एसओ महेंद्र मिश्र ने कहा कि तलाश की गई, लेकिन पता नहीं चल सका। सोमवार को सुबह पांच बजे से फिर से तलाश कराई जाएगी। मौके पर तहसीलदार केशव प्रसाद, नायब तहसीलदार अमित सिंह सहित कई पुलिस कर्मी व ग्रामीण मौजूद रहे। परिवारों में छाया मातम, नदी किनारे ही मची चीख पुकार दोनों युवकों के डूबने की खबर घर पहुंचते ही परिवार वाले नदी किनारे पहुंच गए। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल था। सभी भगवान से यही दुआ करते देखे गए किसी तरह उनकी जान बच जाए। लेकिन, शाम तक नहीं मिलने पर सब मायूस हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे रिश्तेदारों ने किसी तरह से परिजनों को नदी तट से हटाकर घर पहुंचाया।

## गोरखपुर में मां–बेटे पर गैंगस्टर का केस : करोड़ों की जालसाजी का है आरोप

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में शाहपुर पुलिस ने जालसाजी के आरोपी मां–बेटे के खिलाफ गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया। मां को गिरोह का सरगना बताया गया है। मां–बेटे वर्तमान में जेल में हैं, अब पुलिस ने गिरोहबंद करने की कार्रवाई की है। मां–बेटे ने बिजनौर के रहने वाले तीन लोगों से डिजिटल राशन कार्ड एजेंसी, पेट्रोल पंप और सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर कुल 1.31 करोड़ रुपये की जालसाजी की है। पैसा मांगने पर उन्होंने पीड़ितों को धमकी दी जिसके बाद उनके खिलाफ केस दर्ज हुआ था। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई के मुताबिक, शाहपुर थाना क्षेत्र के नया गांव नंदानगर निवासी मोहित कुमार गुप्ता और उसकी मां सुभद्रानंदन ने लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनसे नौकरी सहित विभिन्न कामों के बदले रुपये लिए। न तो उनका काम किया और न ही रुपये लौटाए। लोगों से हड़पे पैसे से मां–बेटे ने अपनी सुख सुविध्‍ाा में इजाफा किया और अपने परिवारवालों के नाम से अचल संपत्ति भी खरीदते रहे। इसे अलावा अपने पैतृक पुराने मकान को आंतरिक सज्जा व अवैध अर्जित धन से आराम की जिंदगी व्यतीत करते रहे। एसपी ने बताया कि मां–बेटे को जालसाजी के मामले में सात महीने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वर्तमान में दोनों जेल में ही हैं। अब उनके ऊपर गैंगस्टर की भी कार्रवाई की गई है। संपत्ति का ब्योरा जुटाया जा रहा है।

# फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव : पांच पर दहेज हत्या का केस

बस्ती ब्यूरो : बस्ती जिले में गौर थाना क्षेत्र की नगर पंचायत बभनान के सुभाष नगर वार्ड में 25 वर्षीय विवाहिता का शव घर की ऊपरी मंजिल में उसके कमरे में साड़ी के फंदे से लटकता मिला। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास–ससुर सहित पांच लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या, दहेज उत्पीड़न व घरेलू हिंसा की धारा में मुकदमा पंजीकृ



त किया है। सूचना के बाद घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम सहित क्षेत्राध्‍िाकारी हरैया शेषमणि उपाध्याय, चौकी प्रभारी बभनान धर्मेंद्र तिवारी, प्रभारी निरीक्षक गौर बृजेंद्र पटेल मौके पर पहुंच गए हैं। रविवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि नगर पंचायत बभनान के सुभाष नगर वार्ड में विवाहिता का शव कमरे में छत के बीम से कपड़े के सहारे लटक रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस फॉरेंसिक टीम के आ जाने के बाद शव को नीचे उतारा गया। घटना की जानकारी मृतका के मायके वालों को हुई तो वे भी मौके पर पहुंच गए। मायके वाले ससुरालियों पर दहेज के लिए फंदा से लटका कर मार डालने का आरोप लगाने लगे। मृतका के पिता नगर थाना क्षेत्र के गोटवा निवासी राधेश्याम गुप्ता ने पुलिस की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ। पांच लाख दहेज मांगने का आरोप पिता राध्‍ोश्याम ने तहरीर में बताया कि उसने अपनी पुत्री चांदनी की शादी लगभग चार वर्ष पहले नगर पंचायत बभनान के सुभाष नगर वार्ड में दिलीप पुत्र राम दुलारे से की थी। ससुराली शादी के बाद से ही पांच लाख नगद व सोने की ब्रेसलेट सहित सोने की चेन की मांग कर रहे थे। बताया कि उनकी पुत्री का पति दिलीप, ससुर राम दुलारे, देवर महेश, ननद विजय लक्ष्मी व सास आए दिन दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। आरोप लगाया कि उसने दहेज की मांग पूरी नहीं की तो ससुराल वालों ने मिलकर उनकी पुत्री को फंदे से लटका कर मार डाला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक गौर ब्रजेंद्र पटेल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। शरीर पर कहीं चोट के निशान नहीं दिख रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# बिना मास्क के सरकारी और निजी संस्थानों में नहीं मिलेगा प्रवेश : गाइडलाइन जारी

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में लगातार बढ़ रही कोरोना संक्रमितों की संख्या को देखते हुए डीएम कृष्णा करूणेश ने रविवार को कोविड प्रोटोकाल के पालन के लिए गाइडलाइन जारी की है। सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाने, स्कूल, कॉलेजों में विद्यार्थियों की थर्मल स्कैनिंग के निर्देश दिए गए है। साथ ही सैंपल की संख्या बढ़ाते हुए सर्विलांस सेल को सक्रिय करने को कहा गया है। डीएम के निर्देश में कहा गया



है कि सरकारी और निजी संस्थानों में बिना मास्क के एंट्री न दी जाए। हर कार्यालय में कोविड हेल्प डेस्क स्थापित कर थर्मल स्कैनिंग कराई जाए। दरवाजे, रेलिंग, लिफ्ट, पार्किंग क्षेत्र में सैनिटाइजेशन कराया जाए। सर्दी, जुकाम, बुखार और फ्लू से पीड़ित मरीजों की अनिवार्य रूप से कोरोना जांच कराई जाए। जांच में अगर मरीज पॉजिटिव आते हैं, तो उन्हें होम क्वारंटीन में रखकर सर्विलांस सेल की मदद से नजर रखी जाएगी। सात दिन बाद रिपोर्ट निगेटिव आने पर घर से निकलने की अनुमति दी जाएगी। गंभीर रूप से बीमार मरीज सार्वजनिक स्थानों पर न निकलें। इसके अलावा रेलवे, बस स्टेशन और एयरपोर्ट पर जांच का दायरा बढ़ाया जाए। कोविड कमांड सेंटर पर सकते हैं संपर्क सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि किसी भी तरह की दिक्कत होने पर कोरोना मरीज कोविड कमांड सेंटर पर संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए 0551–2202205, 9532041882 एवं 9532797104 नंबर जारी किया गया है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।